**प्रेस नोट** **दिनांक 12/07/2026**

**वृक्षारोपण महायज्ञ-2026 "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के अंतर्गत जिलाधिकारी मऊ श्री आनन्द वर्धन, एवं पुलिस अधीक्षक मऊ श्री कमलेश बहादुर, अपर जिलाधिकारी श्री प्रवेन्द्र कुमार व अपर पुलिस अधीक्षक श्री अनूप कुमार द्वारा पुलिस लाइन परिसर में किया वृक्षारोपण-**

आज दिनांक 12/07/2026 को प्रदेश सरकार द्वारा संचालित वृक्षारोपण महायज्ञ- 2026 "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के अंतर्गत आज पुलिस लाइन, मऊ में जिलाधिकारी मऊ एवं पुलिस अधीक्षक मऊ द्वारा वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी मऊ ने कहा कि वृक्षारोपण केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं है, बल्कि उनका संरक्षण एवं संवर्धन भी प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपनी माँ के सम्मान में एक पौधा लगाने तथा उसकी नियमित देखभाल करने का आह्वान किया।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक महोदय ने कहा कि वृक्ष पर्यावरण संतुलन बनाए रखने, प्रदूषण नियंत्रण एवं मानव जीवन को सुरक्षित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए तथा उसकी देखभाल भी करनी चाहिए।

कार्यक्रम के दौरान पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों तथा कर्मचारियों द्वारा विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया तथा पर्यावरण संरक्षण एवं हरित वातावरण के निर्माण हेतु सामूहिक रूप से संकल्प लिया गया।

इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी नगर श्री नितेश प्रताप सिंह व अन्य क्षेत्राधिकारीगण, प्रतिसार निरीक्षक अरुण कुमार सिंह पुलिस लाइन के अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी तथा प्रशासनिक अधिकारीगण उपस्थित रहे।

साथ ही साथ जनपद के समस्त थानों द्वारा अपने अपने थाना परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता करते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनके संरक्षण का संकल्प लिया।

इस दौरान जनपद मऊ पुलिस द्वारा कुल 5180 विभिन्न प्रजातियो के पौधों का वृक्षारोपण किया गया।

जनपद मऊ पुलिस द्वारा जनपद को हरा-भरा एवं स्वच्छ बनाने के उद्देश्य से भविष्य में भी ऐसे जनकल्याणकारी एवं पर्यावरण संरक्षण संबंधी कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे

**गुम/खोये हुए कुल 01 अदद मोबाइल फोन अनुमानित कीमत लगभग 14500/-रुपये साइबर पुलिस टीम थाना कोपागंज जनपद मऊ द्वारा वापस कराया गया-**

पुलिस अधीक्षक जनपद मऊ श्री कमलेश बहादुर के निर्देशन में द्वारा गुम हुए मोबाइल फोन की बरामदगी के उद्देश्य से चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्री अनूप कुमार के कुशल पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी घोसी के कुशल नेतृत्व में थाना कोपागंज पुलिस द्वारा आज दिनांक 12.07.2026 को गुम हुए 01 अदद मोबाइल फोन पीडित रामबचन राजभर निवासी लिलारी भरौली थाना कोपागंज जनपद मऊ मोबाइल- VIVO साइबर क्राइम पुलिस टीम थाना कोपागंज जनपद मऊ द्वारा सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से बरामद कर उसके मालिको तस्दीक कर सुपुर्द किया गया।

मऊ पुलिस आमजन से अपील करती है किं मोबाइल फोन गुम होने की स्थिति में तत्काल CEIR पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराये अथवा साइबर हेल्पलाइन नम्बर 1930 पर सम्पर्क करें जिससे त्वरित कार्यवाही कर गुमशुदा मोबाइल की बरामदगी सुनिश्चित की जा सके।

थाना रामपुर साइबर पुलिस टीम द्वारा, फ्रॉड हुए 4021-/ रुपये पीडित को वापस कराया गया–

पुलिस अधीक्षक जनपद मऊ के कुशल निर्देशन में साइबर फ्राड रोकथाम व जागरुकता के तहत चलाये जा रहे अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी मधुबन व थानाध्यक्ष रामपुर के कुशल नेतृत्व में थाने पर नियुक्त साइबर पुलिस टीम द्वारा पीड़ित, हुसैन अख्तर निवासी डुमरी मर्यादपुर जनपद मऊ रुपये की 4021 रुपये धनराशि अंजान व्यकित द्वारा फ्राड कर ली गयी थी जिसके सम्बन्ध में आवेदक द्वारा समय रहते साइबर कम्प्लेन की शिकायत की गयी। उक्त शिकायत के आधार पर थाना कोपागंज में नियुक्त साइबर टीम द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुये पीड़ित के खाते से फ्राड हुई सम्पूर्ण धनराशि 4021/- रुपये वापस कराया गया।